तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 जिला साहू समाज में फूट! चुनाव के 6 माह बाद ...





12 विश्व पर्यावरण दिवस पर गोंडगिरी और नेवनारा ...




## खबर संक्षेप

### पटपर की झांकी 25 को

**निकुम।** नवयुवक मंडल समिति व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में 25 जून गुरुवार रात्रि 8 बजे श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान प्रांगण बाजार चौक निकुम में छत्तीसगढ़ की लोक प्रसिद्ध दाई के दूलरवा नवरत्न पटपर फेमस काली माता जस झांकी (डोंगर गढ़) की प्रस्तुति होगी।

### हर्षिका अग्निवीर वायु के लिए चयनित

**उतई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई की बी.एस-सी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हर्षिका का चयन भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित योजना अग्निवीर के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

### एनीकट में मिला युवक का शव

**भिलाई।** शिवनाथ एनीकट में युवक का शव मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह मोहलाई स्थित शिवनाथ नदी के एनीकट के पास युवक का शव तैरता मिला। पुलिस शव का शिनाख्त किया जिसमें युवक का नाम निखिल बताया गया। शंकर नगर का रहने वाला था। शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### ट्रेक्टर्स डीलर ने की 27 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** नए हार्वेस्टर को खरीदने का रकम प्राप्त कर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि मेसर्स दुर्ग ट्रेक्टर्स का अधिकृत डीलर मालवीय नगर, शांति निकेतन अपार्टमेंट मोहन नगर दुर्ग निवासी वरूण प्रताप सिंह ने नया हार्वेस्टर की राशि प्राप्त करने के बाद पीड़ितों को हार्वेस्टर उपलब्ध नहीं कराया है। इसे लेकर पुलिस में परशुराम साहू, धनेश ढीमर एवं टीकाराम साहू ने लिखित शिकायत किया था। हर्वेस्टर को लेकर लगातार वरुण टाल मटोल कर पीड़ितों को घुमाता रहा। पुलिस जांच के बाद पीड़ितों द्वारा हार्वेस्टर के लिए बैंक से राशि फायनेंस कराई गई। सीधे वरुण प्रताप सिंह के फर्म में बैंक से ट्रांसफर हुई। पीड़ितों व्दारा नगद राशि का भुगतान भी अनावेदक को किया था। लेकिन डीलर वरुण प्रताप सिंह पीड़ितों को नया हार्वेस्टर की राशि लेने के बाद भी उन्हें उपलब्ध नहीं कराया। पीड़ित से 27 लाख रुपए डीलर वरुण ने लिया। जेवरा सिरसा पुलिस ने आरोपी को खोजबीन कर तुरंत गिरफ्तार किया है। डीलर प्रताप के खिलाफ डौण्डी लोहारा बालोद में भी अपराध दर्ज है।

### पीएम मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर होगा कार्यक्रम

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई चरोदा मंडल में साईं मंदिर रेल नगर चरोदा में बैठक हुई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर विशेष रुप से मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 23 जून तक मंडल कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, रोहित यादव, सत्य प्रकाश शर्मा, आगि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**भिलाई।** कंकालीन चौक दुर्ग में स्थित बिजली कंपनी के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग जाने से हड़कंप में मच गया। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले लिया है। आसपास के लोगों ने ट्रांसफार्मर में लगी आग को देखकर डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने बिजली कंपनी को सूचना दिया। बिजली कंपनी ने पहले कनेक्शन को कांट दिया। कांटने के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। समय रहते आग पर काबू नहीं करने की स्थिति में विकराल रूप ले सकता था।

# सूडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ली नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

## स्वच्छता, जलप्रदाय, पीएम आवास, अमृत मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बेमेतरा जिले के नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक लेकर शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में स्वच्छता, जल प्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, अधोसंरचना विकास सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अग्रहरि ने अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही लंबित कार्यों को निर्धारित समय- सीमा में पूर्ण करने और नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण, ओडीएफ, जीएफसी तथा वर्षा ऋतु में संभावित जलभराव की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नरेश कुमार वर्मा सहित जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारी, कर्मचारी एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

बैठक से पूर्व सुनील अग्रहरि एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरेश वर्मा ने बेमेतरा नगर का मॉर्निंग विजिट कर सफाई व्यवस्था, जीवीपी प्वाइंट, नालों, डम्प साइट, एसएलआरएम सेंटर, तालाबों एवं निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। नालंदा परिसर निर्माण की प्रगति मात्र 25 प्रतिशत पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत थानखम्हरिया में वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की तथा मुक्तिधाम, सड़क निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## मुख्य मार्ग हुआ संकरा हादसों को आमंत्रण

# बेरला-भिंभौरी मार्ग पर भू-माफियाओं का कब्जा, सड़क किनारे अवैध प्लॉटिंग का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला से भिंभौरी मार्ग पर इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर अवैध कब्जे और अवैध प्लॉटिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। रसूखदारों और भू-माफियाओं द्वारा मुख्य सड़क के किनारे की जमीनों पर किए जा रहे इस अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और स्थानीय प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों में भारी आक्रोश है।

जिला बेमेतरा से ब्लॉक बेरला मार्ग से रायपुर को जोड़ने वाली सड़क मार्ग मुख्य सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाती है। रोजाना यहां से हजारों छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। सड़क के दोनों किनारों पर अवैध रूप से पक्के और कच्चे निर्माण कर लिए गए हैं, जिससे सड़क बेहद संकरी हो गई है। साथ ही कई कंपनियां लगने से मुरम मिट्टी डालकर सड़क को जोड़कर संकरा बना दिया है। साथ ही आवाजाही में राहगीरों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। संकीर्ण मार्ग के कारण आए दिन यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है और दोपहिया व भारी वाहनों के बीच दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।



### टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों की उड़ी धज्जियां

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बेरला-भिंभौरी मार्ग के आस-पास स्थित कृषि भूमियों व शासकीय जमीन को बिना किसी वैध डायवर्शन (व्यपवर्तन) और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति के बिना ही छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जा रहा है। भू-माफिया बिना रेरा पंजीकरण और बिना किसी सरकारी ले-आउट पास कराए धड़ल्ले से प्लॉट बेच रहे है। इन अवैध कब्जों में न तो सड़कों के लिए पर्याप्त जगह छोड़ी जा रही है और न ही नालियों व बिजली के खंभों के लिए कोई प्रावधान किया गया है।

### *सरकारी जमीन और पीडब्ल्यूडी की भूमि पर भी कब्जा*

*हैरानी की बात यह है कि भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग की स्वामित्व वाली सड़क किनारे की सुरक्षित भूमि (रोड मार्जिन) पर भी कब्जा कर लिया है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए सुरक्षित रखी गई जमीनों पर अवैध चहारदीवारी (बाउंड्री वॉल) और दुकानें खड़ी की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग इस सड़क मार्ग में चलते है लेकिन देख कर अनजान बनकर रहते है और शिकायत की जाए तो दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते चप्पल घिस जाते है। लेकिन पीडब्ल्यूडी का अमला फील्ड पर कार्रवाई करने के बजाय दफ्तरों में बैठकर फाइलों को दबाकर रख जाते है।*

### *जनजीवन प्रभावित, आंदोलन की चेतावनी*

*सड़क किनारे हो रहे इस अवैध कारोबार के कारण न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि भविष्य के विकास की संभावनाएं भी खत्म हो रही हैं। जल निकासी की व्यवस्था न होने से आने वाले मानसून में सड़क पर जलजमाव की गंभीर स्थिति पैदा होने की आशंका है।*

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से पौधारोपण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के /"स्टेट प्लान ऑफ एक्शन/" कैलेंडर 2026-27 के तहत संपन्न हुआ।

■ एक पौधा केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव है – सरोज नंद दास

अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन में नवनिर्माणाधीन न्यायालय परिसर कोबिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कु. आरती ठाकुर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सुश्री श्रुति साहू, प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायालय प्रथम न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी तुषार बारिक तथा अधिवक्ता संघ के सचिव डिकेन्द्र देवांगन सहित न्यायिक अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज नंद दास ने कहा कि वर्षा ऋतु पौधारोपण के लिए सबसे अनुकूल समय है, क्योंकि इस दौरान प्रकृति स्वयं पौधों के संरक्षण और संवर्धन में सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त ▶▶| शेष पेज 12 पर

## किसान कांग्रेस का ऐलान

# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 जून को कलेक्ट्रोरेट का घेराव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन में जिला किसान कांग्रेस की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा उपस्थित रहे। बैठक में जिले के किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी दिनों में व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं 9 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 11 जून 2026 को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा। किसान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में किसान खाद, बीज, बिजली और डीजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी से जूझ रहे हैं, जिससे खेती- किसानी प्रभावित हो रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में किसान लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद, बिजली, डीजल और धान खरीदी से जुड़े मुद्दों पर किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है। वहीं कांग्रेस शासनकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जाती थी और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती थीं। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मंगत साहू सहित अन्य वक्ताओं ने भी किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में किसान कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर किसानों को आंदोलन से जोड़ने के निर्देश दिए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 जून 2026 को सुबह 11 बजे भारत रत्न पैलेस के समीप सभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर घेराव करेंगे।

बैठक में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, हरीश साहू, रोशन सिन्हा, मिथलेश वर्मा, रश्मि मिश्रा, ईश्वर वर्मा, विवेक राजपूत, रवि परगनिहा, अंजोर दास, लव कुमार राजपूत, लेखराम साहू, कन्हैया साहू, मनोज शर्मा, संग्राम सिंह, शकुंतला साहू, योगिता साहू, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, विनोद परगनिहा, मोहित वर्मा, छगन साहू, धनंजय साहू, भावसिंह राज, टोकेश्वर साहू, सीताराम यदु, चितरेन वर्मा, कृष्णा चतुर्वेदी, सिद्धिक खान, शेख शरीफ कुरैशी, देवा गर्ग, संजय वर्मा, किशुन वर्मा, महेंद्र साहू, महावीर साहू, लक्ष्मण साहू, निलेश ठाकुर, मनीष साहू, धरम वर्मा, निलेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

**साजा।** माहेश्वरी महिला मंडल साजा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए प्राचीन राम मंदिर प्रांगण स्थित कथा स्थल पहुंची।

कथा वाचन करते हुए कथावाचक पंडित सत्येंद्र कृष्ण ने श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन के लिए सर्वोत्तम साधन है। कथा में श्रीमद्भागवत माहात्म्य के अंतर्गत देवर्षि नारद, भक्ति देवी, ज्ञान और वैराग्य की कथा का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि भागवत श्रवण से मनुष्य के पापों का नाश होता है तथा उसके भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का जागरण होता है। इससे जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है तथा भगवान श्रीकृष्ण की कृपा सहज रूप से मिलती है। उन्होंने कहा कि जहां श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण होता है, वहां स्वयं भगवान श्रीहरि का वास माना जाता है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा श्रवण किया।





# कुरुद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, पर्यावरण संरक्षण और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन 2026-27 के तहत तथा अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की सचिव स्वर्णलता ओम यादव के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम कुरुद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

■ विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शिविर में मनरेगा कार्य में लगे श्रमिकों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। अधिकार मित्र धरमू बारले ने बताया कि पर्यावरण पृथ्वी पर जीवन का आधार है, इसलिए इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रबंधन का उद्देश्य प्रदूषण को कम करना, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल और स्वच्छ मिट्टी मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986, वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 तथा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अधिकार मित्र धरमू बारले ने नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 तथा सालसा के मोबाइल नंबर ▶▶| शेष पेज 12 पर



## मंडल सदस्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

# डाइट में डीएलएड वार्षिक परीक्षा में 97 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीएलएड (डीएलएड) वार्षिक परीक्षाएं इन दिनों जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं। शनिवार को डीएलएड प्रथम वर्ष के 'अंग्रेजी भाषा प्रोफीशिएंशी' विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सभी 97 छात्राध्यापक उपस्थित रहे। परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी की अनुपस्थिति दर्ज नहीं की गई। परीक्षा के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य प्रकाश यादव तथा जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों ने परीक्षा संचालन को संतोषजनक एवं अनुशासित पाया। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनुचित साधन के उपयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने परीक्षा केंद्र का दूसरी बार निरीक्षण करते हुए छात्राध्यापकों एवं पर्यवेक्षकों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही परीक्षा संचालन की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए केंद्राध्यक्ष रामकुमार डड़सेना सहित समस्त परीक्षा दल की सराहना की। डीएलएड वार्षिक परीक्षा के लिए सेजेस शासकीय शिवलाल राठी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा के प्राचार्य रामकुमार डड़सेना को केंद्राध्यक्ष तथा डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार सोनी को सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं कार्यालयीन सहयोगी के रूप में कमलेश शर्मा (सहायक ग्रेड-2) अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

परीक्षा का आयोजन दो बड़े कक्षों में किया गया है। प्रथम हॉल में 60 तथा द्वितीय हॉल में 37 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा संचालन के लिए कुल सात पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिनमें थलज कुमार साहू, मोहन कुमार साहू, कविता सेन, ज्योति देवांगन, पदमा निर्मलकर, दिनेश मानिकपुरी एवं रामकुमार टंडन शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि परीक्षा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जा रही है तथा अब तक सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो रही हैं।

## खबर संक्षेप



### मनरेगा के मजदूरों से मुलाकात कर ली जानकारी

**भिलाई।** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत असंगठित कामगार, कर्मचारी कांग्रेस के सदस्यों द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम मोखली, खर्रा,रेंगा बहेरा में पहुंचकर मनरेगा में कार्यरत मजदूरों से मुलाकात किया। इस दौरान श्रमिकों को जानकारी दी और जागरूक किया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा उन्हें कैसे मूर्ख बना रही है। उनका हक छीना जा रही है। अभियान में जिला महामंत्री दुर्ग ग्रामीण व प्रदेशसचिव केकेसी राम सूर्यवंशी ,जिलाध्यक्ष केकेसी राहुल वर्मा, पार्षद भारती राम सूर्यवंशी, प्रेम मिश्रा, विजय पूरी, मोंटी यादव, लक्ष्मी नारायण मारकंडे, नामदास कुर्रे ,छवि, ,गोलू ,ऋषभ तिवारी, अजय श्रीवास्तव मौजूद थे।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 6 जून को शाम 5 बजे से कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में जिले के अंतर्गत आने वाले सभी बैंकों के जिला समन्वयकों, शाखाओं और संबंधित शासकीय विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। पिछली डीसीसी बैठक में सदस्यों की अनुपस्थिति और अधूरी जानकारी को कलेक्टर एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है, तथा अनुपस्थित सदस्य बैंकों व विभागों के नाम आवश्यक कार्यवाही हेतु उनके नियंत्रक कार्यालयों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अति आवश्यक है। समस्त जिला समन्वयक एवं संबंधित अधिकारियों को पिछले बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट, अपनी अधीनस्थ शाखाओं द्वारा शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरण की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### माटरा को मिलेगा नया बाजार, हुआ भूमिपूजन



**दुर्ग।** ग्राम माटरा के ग्रामीणों को जल्द ही एक सुव्यवस्थित बाजार की सौगात मिलने जा रही है। ग्राम माटरा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ हाट बाजार का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राजेश साहू, सरपंच देवशरण साहू, तेजराम साहू, दशरथ साहू, दीनदयाल साहू, नाथूराम और अमृत उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिया है।

## समान्य सभा : शहर सरकार और सभापति ने सफाई के मुद्दे पर आयुक्त को घेरने का किया प्रयास

# छह महीने पहले 3.80 करोड़ के ठेके के बाद भी नहीं बंटे डस्टबिन, धमधा नाका सेग्रिगेशन प्लांट लंबे समय से बंद

**स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लागू, घर-घर दिए जाएंगे चार-चार डस्टबिन**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 को शहर में लागू करने के लिए शुक्रवार को दुर्ग निगम की विशेष समान्य सभा का आयोजन किया गया। बैठक में 3.80 करोड़ रुपए की डस्टबिन खरीदी का मुद्दा सभापति श्याम शर्मा ने आसंदी में रहते हुए उठाया। उन्होंने कहा कि 6 महीने पहले टेंडर प्रक्रिया हुई, लेकिन डस्टबिन बंटे नहीं। इतना ही नहीं दुकानदारों से डस्टबिन नहीं होने पर 500 रुपए का फाइन काटा जा रहा है, जबकि जवाबदेही लोगों की नहीं निगम के अधिकारियों की है। उन्होंने जानकारी स्पष्ट करने की बात कही। इस पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि खरीदी की प्रक्रिया जैम पोर्टल में हुई थी। इसे लेकर एक फर्म ने शासन से शिकायत की थी। इसकी जांच हुई, जांच में प्रक्रिया सही पाई गई। इसके बाद निर्धारित एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया गया है। इस बीच शासन में फाइल कुछ समय के लिए अटकी रही, इस वजह से देरी हुई। इसी प्रकार धमधा नाका में करोड़ों रुपए खर्च कर लगाए गए सेग्रिगेशन प्लांट से कचरा प्रोसेसिंग नहीं होने का मुद्दा एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे ने उठाया। उन्होंने कहा कि पहले जनरेटर नहीं होने की बात कहते हुए कचरा प्रोसेसिंग नहीं की जा रही थी, अब जनरेटर लगने के बाद भी काम बंद है। कचरा सड़कों में फैल रहा है, लोगों के द्वारा शिकायत की जा रही है। इस पर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि मशीन चल रही है, इसका उनके पास वीडियो भी उपलब्ध है। पार्षद कुलेश्वर साहू ने पुलगांव नाला डायवर्सन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शहर को आज भी नाला का गंदा पानी ही फिल्टर करके पिलाई जा रहा है, काम अधूरा है, लेकिन एजेंसी को पूरा भुगतान कर दिया गया है। आयुक्त ने कहा कि पुलगांव नाला डायवर्सन काम कर रहा है, भुगतान दो साल पहले हुआ है। बैठक में महापौर अल्का बाघमार प्रमुख रूप से मौजूद थीं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, अजीत वैद्य, सरस निर्मलकर, खिलावन मटियारा, जितेंद्र महोविया, रामचंद्र सेन सहित अन्य मौजूद थे।



### सफाई को लेकर लाया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

सफाई को लेकर लाए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। इस दौरान जानकारी दी गई कि इस बार घरों में 4-4 डस्टबिन दिए जाएंगे। हर डिब्बे में रसोई से जुड़ा गीला कचरा, नीले डिब्बे में कागज, प्लास्टिक से जुड़ा सूखा कचरा, लाल डिब्बे में सेनेटरी पैड, डायपर, पट्टियां, काले डिब्बे में दवाएं, इंजेक्शन, बैटरी, इलेक्टॉनिक सामान कचरे के रूप रखे जाएंगे। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए पहुंचने वाले सफाई कामगार को इस कचरे को दिया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, होटल, लॉज और सरकारी कार्यालयों से निकलने वाले गीले कचरे को उन्हें खुद निष्पादित करना होगा। इसके लिए निगम प्रमाण पत्र जारी करेगी। वार्ड स्तर पर स्वच्छता समिति बनेगी। इसमें पर्यवेक्षक, महिला स्वसहायता समूह, स्थानीय रहवासी शामिल किए जाएंगे। व्यावसायिक क्षेत्रों में दो बार सफाई होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक रहेगी। कलेक्शन सेंटरों को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। डिजिटल मॉनिटरिंग और शिकायत निवारण सेल का गठन होगा। निदान 1100 और वाट्सएप नंबर 8519009090 पर कम्प्लेन दर्ज कराई जा सकेगी।

### बढ़ते प्रदूषण और घटते भूजल स्तर को देखते हुए बनी कार्ययोजना, शासन के निर्देश पर लिया निर्णय

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। बढ़ते प्रदूषण, घटते भू-जल स्तर और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वृक्ष हमें ऑक्सीजन, छाया और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में नियमित रूप से पौधारोपण करे और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाए तो आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि विशेष अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने वार्डों में सफाई की लचर व्यवस्था को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वार्डों से नियमित कचरा नहीं उठ रहा। जगह-जगह कचरा जलाने की शिकायतें सामने आ रही है। इस पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्य करने की जरुरत है।

### डस्टबिन खरीदी में बरती गई पारदर्शिता

डस्टबिन खरीदी में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती गई है। जैम पोर्टल के माध्यम से खरीदी की गई। शासन स्तर पर हुई शिकायत की जांच में थोड़ा समय लगा। वर्तमान में एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है। पुलगांव नाला में जलकुंभी साफ करने के लिए मछुवारों से संपर्क किया जा रहा है। पॉन्ड मशीन से साफ करना संभव नहीं है। पुलगांव नाला डायवर्सन में भुगतान दो साल पहले हो चुकी है। धमधा नाका में सेग्रिगेशन प्लांट का संचालन हो रहा है।

**-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सेग्रिगेशन को लेकर अभियान, कचरा जलाने वालों पर कार्रवाई




दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में पारित कड़े आदेशों के बाद गाइडलाइंस जारी की गई है। ग्रामीण इलाकों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को पूरी कड़ाई से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब जिले में खुले में कचरा फेंकने, डंप करने, उसे जलाने या दबाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों की चौबीसों घंटे सख्त निगरानी करने और पर्यावरणीय मानकों को बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर एक विशेष टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है, जो कचरा प्रबंधन से जुड़े हर मोर्चे पर पैनी नजर रखेगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने इस अभियान के तहत कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि विगत दिवस अभियान अंतर्गत एक दिवसीय हाई-टेक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यशाला में जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन की समस्त 300 गांवों में यह अभियान चलेगा। 5 बड़े मोर्चों पर कड़ाई से काम किया जाएगा, जिसमें स्रोत से ही कचरे का पृथक्कीकरण, शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कलेक्शन, वैज्ञानिक डिस्पोजल, पुराने डंपिंग यार्डों का खात्मा और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाना शामिल है। अब बिना स्थानीय निकाय की पूर्व अनुमति के 100 से अधिक व्यक्तियों का कोई भी आयोजन नहीं किया जा सकेगा, और बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाले संस्थानों को ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण कराकर अपने गीले कचरे के निपटान के लिए स्वयं कंपोस्टिंग या बायोमीथनेशन प्लांट लगाने होंगे।

# ट्रैफिक कंट्रोल का प्लान : सड़कों का होगा चौड़ीकरण, कुछ मार्ग होंगे वन-वे, सर्वे आज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बेलगाम है। इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, शनिचरी बाजार, तहसील कार्यालय, सिंधी कॉलोनी, ग्रीन चौक, चंडी मंदिर से मान होटल चौक, सदर लाइन से लेकर अन्य अंधरूनी बस्तियों से गुजरना मुश्किल है। लगातार दिक्कतों को देखते हुए ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर नया प्लान तैयार किया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव ने शुक्रवार को बोरसी से लेकर पोटिया, इंदिरा मार्केट सहित अन्य जगहों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कर निराकरण तलाशने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 6 जून से ही सर्वे शुरू किया जाए। सड़कों के चौड़ीकरण, वन-वे मार्ग से लेकर अन्य विकल्पों की जानकारी लेकर कार्ययोजना तैयार की जाए।

निरीक्षण के दौरान पोटिया चौक से बस्ती तक मार्ग, बोरसी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र, बस स्टैंड से गणेश मंदिर रोड, नयापारा चौक से आनंद सरोवर तक मार्ग, बघेरा रोड सहित विभिन्न स्थानों का अवलोकन कर यातायात सुधार एवं सड़क चौड़ीकरण की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि दुर्ग शहर का लगातार विस्तार हो रहा है, जिसके अनुरूप सड़क एवं यातायात अधोसंरचना का विकास आवश्यक है। नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बाधारहित आवागमन उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है।



### सौंदर्यीकरण को भी रखा जाए प्राथमिकता में : गजेंद्र

निरीक्षण के दौरान बोरसी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण, नयापारा चौक से आनंद सरोवर तक सड़क चौड़ीकरण, बस स्टैंड से गणेश मंदिर रोड में मोड़ के पास सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सौंदर्यीकरण करने संबंध में आवश्यक तकनीकी सर्वे कर शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर यातायात दबाव को कम करने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूर्ण कार्ययोजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया। गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ रात्रि में पर्याप्त रौशनी, सड़क किनारे जल निकासी, पैदल यात्रियों की सुविधा, यातायात संकेतक, सभी चौक चौराहे का सौंदर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी प्रस्तावों में शामिल करने के निर्देश दिए।

### पोटिया से बोरसी तक सर्वे का कार्य आज से होगा शुरू

गजेंद्र यादव ने कहा कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर मैदानी निरीक्षण कर रहे हैं तथा जनता की सुविधा से जुड़े प्रत्येक विषय पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में इन कार्यों के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित होगी, जिससे हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। पीडब्लूडी के इंजिनियर ने बताया की शहर के आंतरिक मार्गो के मजबूतीकरण चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाना है, बजट में प्रस्तावित कार्यों का कल से सर्वे प्रारंभ किया जाएगा जिसमें हेमंचंद यूनिवर्सिटी से पुराना हाउसिंग चौक बोरसी तक चौड़ीकरण व मजबूतीकरण का सर्वे कल से शुरू हो जाएगा। इसी के साथ ही महाराजा चौक से पहिरावा बुटीक तक भी सर्वे होगा। इसके अलावा साईं मंगलम के आगे से से केनाल होते बोरसी साहू होटल बोरसी चौक तक, नयापारा से आनंद सरोवर मोड़ तक, स्मृति नगर मुख्य मार्ग से कातुलबोर्ड सड़क का भी इस्टीमेट शीघ्र ही तैयार किया जाएगा।

# जिला अस्पताल में इंटरकॉम सेवा ठप मरीजों की बढ़ी परेशानी, हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला चिकित्सालय में इलाज कराने आने वाले मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 500 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में रोजाना 1000 से ज्यादा मरीज स्थानीय और अन्य जिलों से गुणात्मक इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इंटरकॉम सुविधा का बंद होना डॉक्टरों और मरीजों दोनों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। वर्तमान में आपातकालीन विभाग और मातृत्व शिशु विभाग में इंटरकॉम सेवा पूरी तरह निष्क्रिय है। जबकि पहले यह सुविधा अस्पताल में चालू थी। आपात स्थिति में वार्ड से वार्ड, डॉक्टर से नर्स और विभागों के बीच तुरंत संपर्क के लिए इंटरकॉम अनिवार्य श्रेणी में आता है। इसके बंद होने से गंभीर मरीजों के इलाज में देरी की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को लेकर जिला चिकित्सालय जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगांवकर और रेड क्रॉस सदस्य दुष्यंत



देवांगन ने गुरुवार को अस्पताल के मुखिया सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. एके मिंज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मरीजों की सुविधा और बेहतर इलाज के लिए इंटरकॉम सेवा तुरंत बहाल की जाए। दूरदराज से आने वाले मरीजों को सही वार्ड और डॉक्टर तक पहुंचने में दिक्कत होती है। डॉ. एके मिंज ने कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है। इंटरकॉम सेवा बहाली के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। तकनीकी कारणों से बंद हुई सेवा को प्राथमिकता पर शुरू कराया जाएगा। जीवन दीप समिति के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही यह सेवा शुरू होगी और मरीजों को राहत मिलेगी।

## खाद-बीज के लिए भटक रहे किसान, शिकायत

**दुर्ग।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर दुर्ग को कृषि सहकारी सोसाइटी में खाद, डीएपी, यूरिया, बीज संकट और अव्यवस्था सहित जिला अस्पताल में रिसाली की दीपिका गाड़ा के मौत पर कार्यवाही के संबंध पर सहित विभिन्न बिंदु पर ज्ञापन सौंपा।

ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वर्तमान में खरीफ सत्र में किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाले खाद डीएपी यूरिया, एसएसपीएमओपी व अन्य मिश्रित खाद तथा बीज कृषि सहकारी समितियों और खुले बाजार के माध्यम से किया जा रहा है। सोसायटियों में सभी आवश्यक खाद का अब तक एकमुश्त भंडारण नहीं होने से किसान हर दिन खाद के लिए लाईन में परेशान खड़े है। पूरे जिले के समितियों से बमुश्किल 30 फीसदी किसान ही शासन के कटौती वाले मात्रा में ही खाद उठा पाये है। धान बीज की उपलब्ता भी कमजोर है। सिर्फ सरना किस्म का धान आया है, वह भी अमानक स्तर का है। अधिकांश समितियों में डीएपी जैसे



आवयश्यक खाद अब तक नहीं पहुंच पाया है। खुले बाजार में भी किल्लत और सरेआम लूट के शिकार हो रहे है, मानसून सामने और किसान खेतों की तैयारी के बजाय खाद, बीज के लिए भटक रहे है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेंटी धीरज बाकलीवाल, नगर निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष रिसाली दिनेश, केश कला, नंद कुमार सेन, रिवेन्द्र यादव, योगिता चन्द्रकार, लक्ष्मी साहू, झमित गायकवाड़ आदि मौजूद थे।

## समाज कल्याण, जिला शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम करेगी सर्वे

# 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांगजनों की होगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभागार में समग्र शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं सर्वेक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने शून्य से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु जिले में व्यापक सर्वे अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस अभियान के लिए समाज कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीओ, डीएमसी, महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

- **कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली समीक्षा बैठक**

बैठक में समग्र शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह सर्वेक्षण दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए, जिला स्तर से विकासखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर तक विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सर्वे के दौरान दृष्टिबाधित, कम दृष्टि, श्रवण बाधित, कुष्ठ रोग से मुक्त होने के बावजूद शारीरिक विकृति से प्रभावित, जीर्ण स्नायविक स्थिति सहित अन्य दिव्यांगताओं से प्रभावित बच्चों की पहचान की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना, उनका नामांकन सुनिश्चित करना तथा आवश्यकता अनुसार शैक्षणिक सहयोग



### सर्वे करने वाले कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सर्वे व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। इसके तहत विकासखंड एवं क्लस्टर स्तर पर बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर द्वारा सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन सहित जमीनी स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को इंक्लूसिव एजुकेशन एंबेसडर के रूप में चिन्हित कर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान शासन से तय गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### कोई भी दिव्यांग इन नंबरों पर दर्ज करा सकता है पंजीयन

कलेक्टर ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके आसपास या परिचय में कोई दिव्यांग बच्चा हो तो उसकी जानकारी, नाम एवं पता आईके रामटेके के मोबाइल 9424108869 तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर गीता साहू के मोबाइल 6268091891 से संपर्क अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी साझा किया जा सकता है। सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिन्हित बच्चों को आवश्यक सुविधाओं, संसाधनों एवं योजनाओं से जोड़ते हुए समावेशी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में समग्र शिक्षा अधिकारी श्री विनोद सिन्हा, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, एडीपीओ , डीएमसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# केंद्र के बराबर डीए की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता डीए देने की मांग उठाई है। संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और मुख्य सचिव विवेक ढांड से प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने की मांग की है।

- **संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लगाई गुहार**

सैय्यद असलम ने बताया कि केंद्र सरकार ने अपने अधिकारी-कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 1 जनवरी 2026 से 60 प्रतिशत कर दिया है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने भी आईएएस और आईपीएस कैडर के अधिकारियों के लिए महंगाई भत्ता 60 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिसका असर आम जरूरत की वस्तुओं पर भी पड़ा है। ऐसे में राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता दिया जाना चाहिए। कर्मचारियों की इस महत्वपूर्ण मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए। इस मांग का समर्थन संघ के संरक्षक ओपी शर्मा, प्रांताध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष आरडी दीवान, उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, प्रदेश संयोजक बीके शुक्ला, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने किया है।

## खबर संक्षेप

### कार्यक्रमों के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई। इसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और उनके सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने की। बैठक में आगामी जून माह के महत्वपूर्ण दिवसों को सेवा और समर्पण के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के लिए विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। बैठक में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कॉलेजों और औद्योगिक क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान चलाने, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग सत्रों का आयोजन करने, 12 गौरवशाली वर्षों को उत्सव के रूप में मनाने चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने कहा कि युवा मोर्चा इन कार्यक्रमों के माध्यम से केवल आयोजन नहीं करेगा, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की नीतियों का लाभ और सकारात्मक संदेश पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

### टाउनशिप में 21 हजार वर्गफीट जमीन कब्जामुक्त कराई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन विभाग द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में अवैध कब्जों तथा नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध बेदखली अभियान के तहत मई महीने के दौरान व्यापक कार्रवाई कर कब्जामुक्त कराया। इसके तहत सेक्टर-6 स्थित अनफिट ब्लॉकों के 40 आवासों से सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 32 अन्य आवासों को भी कब्जों से मुक्त कराया गया। वहीं 16 विभिन्न स्थानों पर 21,800 वर्गफीट मूल्यवान भूमि को मुक्त कराया। अभियान के दौरान प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, विशेषकर सिविक सेंटर एवं पंथी चौक क्षेत्र में संचालित अवैध ठेलों को भी हटाया। 25 अवैध होर्डिंग, 975 अवैध बैनर एवं पोस्टर भी हटाने के साथ 53 अवैधविद्युत कनेक्शनों को विच्छेद किया। प्रवर्तन विभाग ने अपील की है कि संबंधित व्यक्ति अवैध कब्जे एवं निर्माण सामग्री हटा लें और बीएसपी के नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# भिलाई-3 स्वास्थ्य केंद्र प्रदेश में तीसरा, जुनवानी और वैशालीनगर सबसे पिछड़े

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी लैब टेस्ट रिपोर्ट में दुर्ग जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का मिला जुला प्रदर्शन सामने आया है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों यूपीएचसी में किए गए लैब परीक्षणों की सूची में भिलाई तीन स्वास्थ्य केंद्र ने पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के 61 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन किया गया। इसमें भिलाई तीन यूपीएचसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पोटियाकला यूपीएचसी नौवें और धमधानाका यूपीएचसी दसवें स्थान पर रहे।

दुर्ग जिले के अधिकांश शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों यूपीएचसी में पिछले वर्ष की तुलना में लैब टेस्टिंग में गिरावट दर्ज की गई है। इसके विपरीत भिलाईतीन स्वास्थ्य केंद्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष 83 प्रतिशत अधिक लैब टेस्ट किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, भिलाईतीन केंद्र में प्रतिदिन औसतन 309 लैब जांचें की जा रही हैं, जिसके चलते यह केंद्र प्रदेश की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भी एक उदाहरण मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर, वैशालीनगर और जुनवानी स्वास्थ्य केंद्रों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा।

जुनवानी स्वास्थ्य केंद्र को प्रदेश में 59वां और वैशालीनगर स्वास्थ्य केंद्र को 61 वां अंतिम स्थान मिला। आंकड़ों के अनुसार जुनवानी में पूरे वर्ष के दौरान केवल 2737 और वैशालीनगर में 1360 लैब जांचें ही की गईं, जो प्रदेश के अन्य केंद्रों की तुलना में काफी कम हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि जहां भिलाईतीन, पोटियाकला और धमधानाका स्वास्थ्य केंद्र बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं वैशालीनगर और जुनवानी में जांच सुविधाओं के बेहतर उपयोग और जनजागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर अधिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## लैब परीक्षणों की रिपोर्ट के बाद जारी हुई सूची

### प्रदेश के टॉप-10 यूपीएचसी

| | |
|---|---|
| 1. सरगुजा | नवापारा |
| 2. राजातालाब | रायपुर |
| 3. भिलाई तीन | दुर्ग |
| 4. गोपालपुर | कोरबा |
| 5. गोगांव | रायपुर |
| 6. ढोढ़ीपारा | कोरबा |
| 7. भाठागांव | रायपुर |
| 8. इतवारी बाजार | धमतरी |
| 9. पोटियाकला | दुर्ग |
| 10. धमधानाका | दुर्ग |



### दुर्ग जिले के यूपीएचसी में लैब टेस्ट की स्थिति

| यूपीएचसी | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|
| भिलाई तीन | 15835 | 92721 |
| पोटियाकला | 42455 | 31230 |
| धमधानाका | 40396 | 30103 |
| खुर्सीपार | 26607 | 23677 |
| छावनी | 19049 | 21586 |
| बघेरा | 24584 | 21576 |
| टंकी मरोद | 35290 | 20282 |
| कोसानगर भिलाई | 29457 | 14956 |
| बैकुंठधाम भिलाई | 24477 | 14561 |
| चरोदा | 27777 | 13103 |
| खुर्सीपार बापूनगर | 4687 | 11456 |
| कोहका | 26142 | 8059 |
| जुनवानी | 3068 | 2737 |
| वैशाली नगर | 5239 | 1360 |

## नहीं मिल रहा केंद्रीय न्यूनतम वेतनमान, ईएल व सीएएल के लिए भी तरसे

# भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों के चौतरफा शोषण से बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूरों का चौतरफा शोषण बढ़ने से असंतोष बढ़ रहा है। नियमित कर्मचारियों के कंधे से कंधा मिलाकर योगदन देने के बाद भी श्रमिकों को अब तक न तो केंद्रीय वेतनमान मिल रहा है और न ही निर्धारित छुट्टियां मिल रही हैं। इस कारण मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने जल्द वेतन, अवकाश व अन्य सुविधाएं नहीं दिए जाने पर पीएम व श्रम मंत्री को ज्ञापन देने के साथ बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में करीबन 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। श्रमिकों को ठेकेदारों द्वारा निर्धारित ईएल, सीएल और लीव कार्ड और वेतन पर्ची तथा ठेका समाप्ति बाद अंतिम भुगतान देना अनिवार्य है लेकिन बीएसपी प्रबंधन के ऑपरेटिंग अथॉरिटी और ऑनलाइन में लीव का कॉलम नहीं होने के कारण ठेका श्रमिकों को छुट्टी से वंचित किया जा रहा है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन की कार्यकारिणी की हुई अहम बैठक में यूनियन अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि शिकायत प्रबंधन को कई बार करने के बाद भी निदान नहीं होने से श्रमिकों में आक्रोश बढ़ रहा है। प्लांट में एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को मिलने वाली छुट्टी ऑपरेटिंग अथॉरिटी द्वारा नहीं दी जा रही है। एचएसएलटी ठेका श्रमिक, जिनको समझौता के तहत ईएल एवं सीएल मिलता था लेकिन कई विभाग के ऑपरेटिंग अथॉरिटी द्वारा इस पर रोक लगा दी गई है। इसकी शिकायत कांटेक्ट सेल में की गई है। अधिकारियों की मजदूरों की सुविधाओं को लेकर उदासीनता से शोषण बढ़ रहा है। यूनियन के मुताबिक श्रमिकों को लीव कार्ड एवं वेतन पर्ची अंतिम भुगतान भी नहीं दी जा रही है। इसके चलते ठेका श्रमिकों में आक्रोश है और कभी भी यह स्थिति असामान्य हो सकती है।

### मांगे पूरी नहीं होने पर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी



### नया वेज बोर्ड का हो रहा है उल्लंघन

केंद्र सरकार द्वारा नया वेज कोड लागू होने के बाद भी अभी तक केंद्रीय श्रम मंत्री द्वारा निर्देश नहीं जारी करने के कारण वेतनमान नहीं मिल रहा है। जबकि बीएसपी केंद्रीय श्रम आयुक्त से लाइसेंस लेने एवं केंद्र सरकार की कंपनी है। कई राज्यों में राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इंटक अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की मजदूर विरोधी नीति के कारण बीएसपी में केंद्रीय न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है। लेकर प्रधानमंत्री श्रम मंत्री को पत्र लिखा जाएगा और आगे आंदोलन की तैयारी की जाएगी। उच्च प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। बैठक में सीपी वर्मा दीनानाथ सिंहसार्वा आर दिनेश गुरुदेव साहू मनोहर लाल ताम्रध्वज सिन्हा किशोर प्रधान राजकुमार जयराम ध्रुव गोविंद राठौर दामन लाल कान्हा राम के रामू कुलेश्वर देवेंद्र कुमार महेंद्र कुमार नरेंद्र कामता पटेल बलराम वर्मा संजीव मानिकपुरी सत्य कुमार राजेश चौधरी विष्णु पटेल अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# प्लेट मिल और यूआरएम में हुआ रिकार्ड उत्पादन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के प्लेट मिल और यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने रिकार्ड उत्पादन किया है। यूआरएम ने मई के दौरान 11,944 ब्लूम्स (99,983 टन) रोल कर नया सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड बनाया, जो सितंबर 2025 में स्थापित 11,284 ब्लूम्स के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। विभाग ने 93,397 टन फिनिश्ड उत्पादन तथा 90,594 टन प्राइम उत्पादन किया है।

■ यूनिवर्सल रेल मिल ने 11944 ब्लूम्स रोल किए

यूआरएम ने मई 2026 में 260 मीटर लंबाई वाले 5,706 वेल्डेड रेल पैनलों का उत्पादन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। इसके साथ ही 130 मीटर रेलों का उत्पादन 9,755 संख्या तक पहुंचकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक स्तर दर्ज किया गया। गुणवत्ता परीक्षण एवं निरीक्षण के क्षेत्र में भी विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5,550 रेल पैनलों का निरीक्षण पूरा किया, जो अगस्त 2025 में स्थापित 5,302 पैनलों के पूर्व रिकॉर्ड से अधिक है। वहीं प्लेट मिल ने भी मई 2026 में प्लेट मिल ने 1,35,847 टन रोल्ड उत्पादन, 1,25,102 टन फिनिश्ड उत्पादन, 1,14,076 टन कुल डिस्पैच तथा 53,836 टन प्रत्यक्ष प्रेषण दर्ज किया। विभाग ने इस अवधि में एचटी (हीट ट्रीटेड) उत्पादों के क्षेत्र में भी नया इतिहास रचते हुए 47,561 टन एचटी फिनिश्ड उत्पादन तथा 38,870 टन एचटी डिस्पैच का सर्वकालिक मासिक रिकॉर्ड स्थापित किया। प्लेट मिल ने पिछले कुछ महीनों के दौरान भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की निरंतरता बनाए रखते हुए उत्पादन एवं प्रेषण के कई नए रिकॉर्ड स्थापित किए। मार्च 2026 में प्लेट मिल ने 1,46,554 टन रोल्ड उत्पादन, 1,34,042 टन फिनिश्ड उत्पादन तथा 1,36,020 टन कुल डिस्पैच के साथ सर्वकालिक उच्चतम मासिक प्रदर्शन दर्ज किया।

# विधायक कोर्सेवाड़ा अचानक पड़े बीमार, आराम करने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा की तबीयत शुक्रवार को अचानक बिगड़ गई। सूचना पर पहुंचे डॉक्टरों ने इलाज के बाद आराम करने की सलाह दी।

भिलाई भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भिलाईतीन स्थित आवास पहुंचे थे। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे इसकी सूचना पीएचसी भिलाईतीन को दी गई। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रभारी डॉ. शिखर अग्रवाल और बीईटीओ सैयद असलम स्टॉफ के साथ विधायक आवास पहुंचे। डॉ. शिखर अग्रवाल द्वारा विधायक कोर्सेवाड़ा का सबसे पहले बीपी व शुगर जांच की गई, जो नार्मल निकला। इसके बाद विधायक को ग्लुकोज चढ़ाया गया। सही समय पर उपचार मिलने से विधायक ने राहत महसुस की। डॉक्टर ने विधायक को आराम करने की सलाह दी है। इस दौरान भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रद्द होगी एचएमएस अध्यक्ष की सेवा समाप्ति और टॉपवर्थ के 12 कर्मचारियों का निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रम कानूनों का पालन कराने और वेतन संशोधन जैसी मांगों को लेकर टॉप वर्थ स्टील एंड पावर लिमिटेड अमलगम रसमड़ा के खिलाफ पिछले 20 दिनों तक चला आंदोलन सौहार्दपूर्ण माहौल में समाप्त हो गया। पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में टॉप वर्थ के साथ यूनियन पदाधिकारियों की बैठक में मांगों पर सहमति बनी।

■ यूनियन की जिला व पुलिस प्रशासन की टॉप वर्थ प्रबंधन के साथ बैठक में मिला आश्वासन

बैठक में यूनियन अध्यक्ष की सेवा समाप्ति और 12 कर्मचारियों का निलंबन आदेश रद्द कर कर शीघ्र ही निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर पुनः सेवा में वापसी कराने समझौता हुआ। यूनियन ने जारी मेल में इसे एचएमएस यूनियन से संबद्ध टॉप वर्थ स्टील एंड पावर नियमित एवं ठेका कर्मचारी संघ की बड़ी सफलता बताया है।

हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष तथा टॉप वर्थ स्टील एंड पावर नियमित एवं ठेका कर्मचारी संघ के संरक्षक एच एस मिश्रा ने बताया 12 मई से टॉप वर्थ स्टील एंड पावर लिमिटेड अमलगम रसमड़ा में विभिन्न श्रम कानूनों का पालन कराने, रोलिंग मिल के वेतन संशोधन एवं शोषण समाप्त करने शांति प्रिय तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था। कंपनी प्रबंधन ने एक तरफा निर्णय लेते हुए कर्मचारी हित की बात करने वाले टॉप वर्थ स्टील एंड पावर नियमित एवं ठेका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकुंद पाण्डेय की सेवा समाप्ति सहित 12 पदाधिकारियों के खिलाफ निलंबन आदेश जारी कर दिया।

### पुलिस कंट्रोल रुम में प्रशासन की मध्यस्थता में समझौता वार्ता



पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में सभी पक्षों की बैठक में मांगों पर समझौता हुआ। एचएमएस अध्यक्ष मुकुंद पाण्डेय की सेवा समाप्ति और 12 पदाधिकारियों के निलंबन आदेश निरस्त करने की मांग पर प्रबंधन के अधिकारियों ने जल्द उच्च प्रबंधन से चर्चा कर मांग पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रशासन की ओर से एडीएम वीरेंद्र सिंह ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, एडिशनल एसपी शहर सुखनंदन राठौर, आईपीएस सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर, श्रम निरीक्षक बसंत वर्मा, प्रबंधन की ओर से प्लांट हेड जय थामस, एचआर हेड विनोद सिंह, उप महाप्रबंधक कांति ऋषि, परचेस हेड सिद्धार्थ, यूनियन के संरक्षक एचएस मिश्रा, अध्यक्ष मुकुंद पाण्डेय, महामंत्री पंकज शर्मा, संगठन मंत्री नेपाल सिंह, उप महामंत्री विजय मूर्ति, इकबाल सिंह, कर्मचारी माखन शाह, मनप्रीत सिंह, सूरज यादव आदि उपस्थित थे।

# हास्पिटल सेक्टर में उद्यानिकी विभाग ने रोपे चार सौ पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर, स्ट्रीट-12 क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र रहे व विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा अरुण कुमार थे। जीएम प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी, जीएमशिखा दुबे, विष्णु के पाठक, अतुल नौटीयाल, महेंद्र साहू, विकास चंद्रा, डीजीएम रवि फुले, एजीएम रमेश कुमार गुप्ता, राजेश शर्मा, ललित कुमार, अशोक सिन्हा, शंकर अग्रवाल, संदीप नायडू, खीरु प्रसाद सहित पर्यावरण प्रेमी, क्लब बुलबुल एवं स्काउट-गाइड के बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, पर्यावरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे में नागरिक उपस्थित रहे। श्री महापात्र ने सभी से कम-से-कम एक पौधा अपनी माता के नाम लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि भिलाई इस्पात संयंत्र परिवार का प्रत्येक सदस्य प्रतिवर्ष , 10 पौधे रोपित एवं संरक्षित करें। इस अवसर पर नागरिकों द्वारा 400 से भी अधिक पौधों का रोपण किया गया। जीएममहाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास व जीएम डॉ एनके जैन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रजनी रजक ने किया।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Rohan Nishad S/o Butiram Nishad, R/o Makan No.46, Majgaon, P.O.Chirha.DIST. Bemetara, Chhattisgarh - 491337 have change the name of my minor son Shiva Nishad aged 13 Years and he shall hereafter be known as Shivsagar Nishad. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Rohan Nishad
[Signature of Guardian]

# रिसाली की जनता को बड़ी राहत, नहीं बढ़े संपत्ति कर सहित अन्य टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा और उनके सद्स्यों ने नागरिकों को राहत दी है। शुक्रवार दोपहर को हुई महापौर परिषद के बैठक में नागरिकों से लिए जाने वाले टैक्स को पिछले साल की तरह यथावत रखा है। किसी प्रकार की बढ़ोतरी नही की गई है। वहीं परिषद के सद्स्यों ने शासन को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। जिसमें शिक्षा उपकर की राशि को हटाने की मांग रखेंगे।



महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026-27 में सम्पत्ति कर व अन्य कर का स्लैब यथावत रहेगा। एमआईसी में मबरों का कहना था कि उनके निर्णय से आम नागरिकों को राहत मिलेगी। वहीं दूसरी ओर निगम क्षेत्र में स्वयं का स्कूल नहीं होने पर शिक्षा उपकर की राशि को नहीं लिए जाने के लिए शासन को शहर सरकार पत्र लिखेगी। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, सनीर साहू, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत सभी विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# बीएसपी में लौह सामग्री की चोरी के मामले की हो सीबीआई जांच : कुरैशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने पीएम सहित इस्पात मंत्री, सेन्ट्रल विजिलेंस ब्यूरो व बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज को फैक्स भेजकर फ्लू डस्ट के साथ लौह सामग्री की चोरी के मामले की सीबीआई जांच की मांग की है । उन्होंने कहा कि फ्लू डस्ट के आड़ में लोहे की प्लेट एवं बीम पकड़ी गई जिस पर बीएसपी प्रबंधन द्वारा गंभीरता पूर्वक कार्यवाही नहीं की जा रही है । बीएसपी को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। अब तक प्रबंधन को गंभीर होना था। श्री कुरैशी ने बताया कि बीएसपी कर्मियों द्वारा देश हित में मौसम की मार झेलते हुए काम किया जाता है और उच्च प्रबंधन द्वारा स अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छटनी की जा रही है ।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्लास्टिक त्यागने का लिया संकल्प

**सेलूद।** ग्राम पंचायत चुनकट्टा में कदम नीम व आम के पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। सरपंच रोशनी सोनु राय ने पौधे लगाए। सभी उपस्थित लोगों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का त्याग करने और ऊर्जा की बचत करने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में सरपंच प्रतिनिधि सोनू राय,उपसरपंच अजय सिंह राजपूत पंच छत्रपाल सिंह राजपूत,पंच राजेन्द्र बंजारे,पूर्व सरपंच भागवत यादव,पंच आशा सिंह राजपूत, हेमा जोशी,माया जोशी,नीतु कौशले,सुरुज बंजारे,रीना मानिकपुरी,दशमत बंजारे, सचिव युगल ठाकुर, पंचायत भृत्य उत्तरा मानिकपुरी सहित अन्य लोगों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### पर्यावरण दिवस पर अपील पानी बचाओ, पेड़ लगाओ

**पाटन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जनभागीदारी के माध्यम से जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

**कुम्हारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रामपुर चोरहा स्थित शीतला तालाब परिसर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत यहां फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से भी वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करने की अपील की।

पेज 9 का शेष

### विश्व पर्यावरण दिवस पर...

वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि /"एक पौधा केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा जिला जेल बेमेतरा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय परिसर, थाना परिसर बेरला, ग्राम कुरूद तथा तालुका स्तर पर ग्राम पंचायत अकलवारा में भी पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविरों में नागरिकों को जलवायु परिवर्तन, घटती वर्षा, नदी-तालाबों सहित जलस्त्रोतों के संरक्षण तथा हरित पर्यावरण की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। नालसा के पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन अभियान के अंतर्गत लोगों को सूखे और गीले कचरे के पृथक संग्रहण, पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। उपस्थित नागरिकों से पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने में सहयोग करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय, न्यायालय स्टाफ नर्स दीपांजलि डेनियल, जेल कर्मचारी, न्यायालय कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

### कुरुद में विधिक साक्षरता....

की जानकारी देते हुए जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिकार मित्र धरमू बारले ने थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आरक्षक मुकेश चंद्रवंशी, दिनेश निषाद, रोहित पटेल (सरपंच) सहित ग्रामवासी एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

### नए जिला साहू संघ का गठन, सुरेश साहू बने अध्यक्ष; समाज के नेताओं ने संभाली कमान

# जिला साहू समाज में फूट! चुनाव के 6 माह बाद बना नया संगठन, अलग पंजीयन और नई कार्यकारिणी से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला साहू समाज की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। जिला साहू संघ के चुनाव संपन्न होने के महज छः माह बाद समाज के कई प्रभावशाली और वरिष्ठ सदस्यों ने अलग राह चुनते हुए नवीन पंजीयन क्रमांक 122202651838 के तहत नए जिला साहू संघ बेमेतरा का गठन कर दिया है। नए संगठन की कार्यकारिणी घोषित होने के साथ ही पूरे साहू समाज में हलचल तेज हो गई है और समाज के दो धड़ों में बंटने की चर्चा जोर पकड़ने लगी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार 4 जून दोपहर 3 बजे आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नए जिला साहू संघ का गठन किया गया। बैठक में कोर कमेटी और जिला कार्य कारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। इस दौरान समाज के कई वरिष्ठ, सक्रिय एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नए संगठन में सुरेश साहू (बोंड, साजा) को जिला अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि ओंकार साहू (सिघौरी) को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा नरेश कुमार साहू, होलूराम साहू, कमला त्रिलोचन साहू, प्रफुल्ल कुमार साहू, गंगाराम साहू, मनमोहन साहू, उमेश्वरी साहू, छोटूराम साहू, अखिलेश साहू, सोनू साहू, परमेश्वर साहू तथा किशोर कुमार साहू सहित कई पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। दी गई जानकारी अनुसार बैठक में नवागढ़, बेरला, साजा, देवकर, थानखम्हरिया और बेमेतरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं समाज के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इनमें तहसील स्तर के अध्यक्ष, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तथा विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ समाजसेवी भी मौजूद रहे।

समाज के भीतर यह चर्चा भी चल रही है कि हाल ही में हुए जिला साहू संघ के चुनाव और उसके बाद की गतिविधियों से असंतुष्ट एक वर्ग ने अलग संगठन बनाने का निर्णय लिया। हालांकि नए संगठन के पदाधिकारियों ने इसे समाज के व्यापक हित और सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की पहल बताया है। फिलहाल नए पंजीयन, नई कार्यकारिणी और अलग जिला अध्यक्ष की घोषणा ने जिलेभर के साहू समाज में राजनीतिक एवं सामाजिक समीकरणों को बदल दिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में दोनों संगठनों के बीच तालमेल बनता है या समाज की यह विभाजन रेखा और गहरी होती है।



#### समाज में बढ़ी राजनीतिक और सामाजिक सरगर्मी

नए संगठन के गठन को लेकर साहू समाज के भीतर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। समाज के जानकारों का मानना है कि जिला स्तर पर पहले से संचालित संगठन के रहते हुए अलग पंजीयन और नई कार्यकारिणी का गठन समाज के भीतर मतभेदों को सार्वजनिक रूप से सामने लाने वाला कदम माना जा रहा है। विशेष बात यह है कि नए संगठन में समाज के कई ऐसे चेहरे शामिल हैं जिनकी विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत पकड़ मानी जाती है। इससे यह संकेत भी मिल रहे हैं कि आने वाले समय में समाज के कार्यक्रमों, प्रतिनिधित्व और नेतृत्व को लेकर दोनों संगठनों के बीच प्रभाव की प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है।

#### समाज में भ्रम फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई, मूल संगठन से असंबद्ध है नया संगठन : नारद साहू

जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष नारद साहू ने जारी बयान में कहा है कि विगत दिनों कुछ विघटनकारी तत्वों द्वारा समाज में भ्रम फैलाने तथा संगठन विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समानांतर संगठन खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल ही में पंजीकृत नया संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर (पंजीयन क्रमांक 33/61) से किसी भी प्रकार से संबद्ध नहीं है तथा उसका मूल संगठन से कोई संबंध नहीं है। नारद साहू ने बताया कि बेमेतरा जिला गठन के बाद वर्ष 2012 में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर द्वारा जिला साहू संघ बेमेतरा को आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई थी और स्वर्गीय पंचराम साहू को प्रथम जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। वर्तमान में यही संगठन जिले का मान्यता प्राप्त एवं सक्रिय संगठन है तथा वे इसके अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिलने पर प्रदेश साहू संघ रायपुर के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने भी गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश संगठन ने स्पष्ट किया है कि समानांतर संगठन में पदाधिकारी, सदस्य अथवा सहयोगी के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों की जिला, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण इकाइयों की प्राथमिक सदस्यता समाप्त की जा सकती है तथा उनका मुख्य संगठन से संबंध स्वतः समाप्त माना जाएगा। जिला अध्यक्ष नारद साहू ने नए संगठन में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की है कि वे तत्काल समानांतर संगठन से त्यागपत्र देकर मूल संगठन के प्रति अपनी निष्ठा का लिखित वचनपत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने वालों के विरुद्ध संगठन के संविधान एवं नियमों के अनुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी लोगों से किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या अफवाहों पर ध्यान न देने तथा संगठन की एकता, अखंडता और सामाजिक हितों को सर्वोपरि रखने की अपील की है।

---

# सेजेस राठी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेजेस शासकीय शिवलाल राठी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार डड़सेना के नेतृत्व में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पीपल, आंवला, अशोक, गुलमोहर सहित अनेक छायादार एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य रामकुमार डड़सेना ने कहा कि वृक्ष प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। वे न केवल मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राणवायु, फल, फूल, औषधि और छाया प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा जलवायु को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बिना पेड़-पौधों के पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं, जो निःस्वार्थ भाव से मानव समाज का कल्याण करते हैं। वर्तमान समय में बढ़ती वृक्ष कटाई और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण की आवश्यकता है। प्राचार्य ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन और मानव जीवन के अस्तित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन हमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और हरित पृथ्वी बनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में शिक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, अमित ठक्कर, अनूप सिंह (व्यायाम निर्देशक), खुशी साहू, प्रगति जायसवाल तथा कर्मचारी शुभम वर्मा, हेमंत साहू, उमेश्वरी सेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

---

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रामीण अंचल में हुए आयोजन

# गांव-गांव में पर्यावरण को सहेजने का लिया संकल्प, मां के नाम पर भी लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में जूनियर रेडक्रॉस एवं स्काउट-गाइड के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वॉलिंटियर्स द्वारा चित्रकला, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

चित्रकला प्रतियोगिता में दुर्गेश निर्मलकर ने प्रथम एवं नम्रता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में ऋतिका देवांगन प्रथम तथा गरिमा देशमुख द्वितीय रहीं। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में भावना चक्रधारी ने प्रथम एवं सानिया ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य रोहित कुमार देशमुख ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी, प्रतिज्ञा, मेनका, भूमिका, नंदिनी, ओमिका एवं ऋतु सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

#### विनायकपुर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



#### शीतला तालाब की सफाई एवं पौधारोपण



**अण्डा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बोरई में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश देते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम के शीतला तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई तथा तालाब पार पर पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष एवं जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ ओमेश्वर राजू यादव ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब की सफाई में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में पंच तुलसी ठाकुर, कृष्णकुमार साहू, राजकुमार साहू, रवि साहू, स्वच्छता अभियान से जुड़ी गौरी स्व सहायता समूह की सदस्याएं तथा ग्रामीण टिकेश ठाकुर, अश्वनी साहू, आत्मा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव तामेश्वर साहू ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

#### संगठनात्मक बैठक के बाद लगाए पौधे



**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी कसारीडीह बोरसी मंडल में मंडल अध्यक्ष कौशल साहू के नेतृत्व एवं मंडल प्रभारी राजीव पाण्डेय की उपस्थिति में मंडल संगठनात्मक बैठक एवं पर्यावरण दिवस कार्यक्रम हुआ। जिसमें सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उसके पश्चात मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में अपना मार्गदर्शन दिया। मंच संचालन मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे ने किया एवं आभार व्यक्त ललेश्वरी साहू किया।

#### जामुल में भी लगाए पौधे



**जामुल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका जामुल के वार्ड क्र. 18 में स्थित डॉ. मनराखन लाल साहू महाविद्यालय में एक पेड़ ''मां'' के नाम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण का कार्यक्रम 5 जून से 12 जून तक चलेगा। वृक्षारोपण अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, राजस्व अधिकारी हरिश साहू और सफाई प्रभारी बशीर खान सहित महाविद्यालयीन शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित थे।

#### बेल के पौधे लगाकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**सेलूद।** खबरनामा ग्रुप पाटन विधानसभा की अभिनव पहल के अंतर्गत सरपंच खिलेश मारकंडे सहित पंचायत प्रतिनिधियों व सदस्यों ने बेल के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के पुर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, पूर्व पंच रवि पटेल, बलराम यादव, शिक्षक श्रवण यद्ु, बलराम वर्मा, रामसहाय साहु, सीताराम यादव और रामकुमार साहु सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



---

### "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष तिवारी

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गोंडगिरी और नेवनारा में लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम गोंडगिरी और नेवनारा में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हमारी निरंतर जिम्मेदारी है। प्रकृति, जल, वन और पर्यावरण मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी, जल संकट और मौसम में हो रहे असामान्य बदलावों का प्रमुख कारण पेड़ों की कटाई और पर्यावरण के प्रति लापरवाही है।



उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें शुद्ध वायु, फल, छाया और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करना चाहिए।

कल्पना तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और भविष्य की पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विकास, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा की गई तथा उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अवधेश सिंह चंदेल, योगेश तिवारी, कृष्णकांत चंद्रा, पोषण वर्मा, सूर्यकांत नायक, रेखा पोषण सिन्हा, मुनि पाटिल, मीनू पाटिल, लोकेश साहू, स्वरूपानंद वर्मा, डॉ. उत्तम देवांगन, होलूराम साहू, नेतराम परगनिहा, सविता चंद्रा, कमलेश साहू, मनोज तिवारी, देवेंद्र जैन, कमल साहू, अलखराम पाटिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, युवा एवं महिला समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

---

# कांग्रेस संगठन की ताकत है बूथ एवं ग्राम कमेटी : बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/रानीतराई

प्रदेश, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संगठन नवसृजन के तहत बूथ एवं पंचायत कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रानीतराई, डीडगा, रेंगाकठेरा, झाड़मोखली, करेला, डीघारी, औसर और कौही में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आईसीसी महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ,ग्राम इकाई कमेटी होती है। इनके मेहनत, लगन एवं सतत प्रयास से कांग्रेस पार्टी पक्ष,विपक्ष की भूमिका में अडिग खड़ी हुई है।आप सभी संगठन की नींव के पत्थर है। उन्होंने आगे भाजपा के दो वर्षों की कुशासन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि किसान, मजदूर, आदिवासी, महिलाएं, अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी वर्ग आज त्रस्त, निराश एवं हताश हो गए हैं,लेकिन हमको सभी वर्गों की सेवा में तन,मन समर्पित कर एकजुटता का परिचय देना है। पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं में शक्ति,साहस की कोई कमी है क्योंकि हमारा जननेता भूपेश बघेल हमारे साथ खड़े हैं।